विपणन संघ

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

880, सिविल लाईन्स, मुख्यालय रायपुर (छ.ग.)
फोन नंबर –(0771) 4099546, 2445770 फैक्स नंबर – (0771) 2424017
ईमेल आईडी. – cgmarkfedhq@gmail.com

क्रमांक राईस मिले/77/4530/2016 रायपुर दिनांक 26-10-16

–:: तकनीकी सलाहकार नियुक्ति हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ::–

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ के बंद (1) राईस ब्रान साल्वेंट एक्सट्रैक्सन ऑयल मिल, धमधा नाका दुर्ग। (2) साबुन संयंत्र, धमधा नाका, दुर्ग (3) शीतगृह सूरजपुर एवं विभिन्न स्थानों में स्थित बंद राईस मिलों के प्लांट/बॉयलर एवं मिल मशीनरी के मूल्यांकन के लिए विधि/नियम एवं शर्तें निर्धारित करने हेतु सक्षम तकनीकी सलाहकार नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिसकी योग्यता मैकेनिकल इंजीनियर एवं जो तकनीकी संयंत्र के मूल्यांकन के लिए अधिकृत हो तथा मूल्यांकन कार्य में तीन वर्ष का अनुभव हो। विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तें कार्यालयीन दिवस पर विपणन संघ के नोटिस बोर्ड अथवा विपणन संघ के वेबसाईट www.markfed.cg.nic.in पर भी देखे जा सकते है। आवेदन दिनांक 11.11.2016 को अपरान्ह 2:30 बजे तक स्वीकार्य किये जावेंगे एवं उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे के बाद सचिव के कक्ष में गठित समिति द्वारा उपस्थित आवेदन कर्ताओं के समक्ष खोले जावेंगे। आवेदन के साथ अमानत राशि के रूप में राशि 3000.00 रू. का बैंकर्स चैक/किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर के नाम से देय हो, को आवदेन के साथ बंद लिफाफा में सचिव विपणन संघ के कक्ष में निर्धारित पेटी में डालना होगा। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंध संचालक विपणन संघ को होगा।

नोट – जो तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया जावेगा वह मूल्यांकन कार्य के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.) में भाग नहीं ले सकेंगे।

(हिम शिखर गुप्ता)
प्रबंध संचालक